दिनांक–26 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा प्रसारण।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण। कहा– प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा यह एयरपोर्ट।
- नहाय–खाय के साथ शुरू हुआ लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी छठ पूजा की शुभकामनाएं।
- प्रदेश में अब बदलने लगा है मौसम का मिजाज़। अट्ठाइस से तीस अक्टूबर के बीच राज्य के पूर्वी और तराई क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान। बढ़ सकती है सर्दी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल ग्रेटर नोएडा में नोएडा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का हवाई सर्वेक्षण और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे के बोर्ड रूम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और एयरपोर्ट निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी की। इस दौरान, श्री योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा, इसलिए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और समन्वय सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। एक रिपोर्ट–

***नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्‌घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तावित है। उद्‌घाटन कार्यक्रम को लेकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण करते हुए कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। मुख्यमंत्री ने जल्द सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। विशाल धर दूबे, आकाशवाणी समाचार, गौतमबुद्धनगर।***

**********

प्रदेश भर में 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती मनाए जाने को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कल उन्नाव में समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर विधानसभा स्तर और जनपद स्तर पर पदयात्राओं का आयोजन किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने कन्नौज में, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने बदायूं में और समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने हरदोई में रन फॉर यूनिटी की तैयारियों की समीक्षा की।

**********

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने एक नवम्बर दो हजार पचीस से एक फरवरी दो हजार छब्बीस तक विभिन्न भर्तियों के लिये त्रयमासिक परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके अनुसार वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा नौ नवम्बर को और नक्शानवीस मानचित्रक मुख्य परीक्षा सोलह नवम्बर को होगीं इसी क्रम में आशुलिपिक मुख्य परीक्षा सोलह नवम्बर को, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा बाइस नवम्बर को और सम्मिलित कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर तृतीय की मुख्य परीक्षा तेइस नवम्बर को आयोजित की जायेगी।

**********

विख्यात खगोल वैज्ञानिक जयंत विष्णु नार्लिकर को मरणोपरांत सर्वोच्च विज्ञान सम्मान 'विज्ञान रत्न' से सम्मानित किया जायेगा। यह सम्मान उनके असाधारण वैज्ञानिक योगदान, ब्रह्माण्ड रहस्यों पर उल्लेखनीय कार्य के लिये दिया जायेगा। स्वर्गीय नार्लिकर ने बिग बैंग सिद्धांत को चुनौती दी थी।

**********

महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली में कल से होने वाली इन–स्पेस मॉडल रॉकेट्री कैनसैट इंडिया प्रतियोगिता के लिए देश भर के सैंतालीस कॉलेजों से आए करीब छः सौ विद्यार्थी तथा एक सौ बीस वरिष्ठ वैज्ञानिक कुशीनगर पहुंच चुके हैं। प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले कल से 30 अक्टूबर तक नारायणी नदी के तट पर आयोजित होगा, जहां प्रतिभागी अपने डिजाइन किए हुए रॉकेट्री और कैनसैट मॉडल्स का अंतिम तकनीकी मूल्यांकन कराएंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजन से जुड़े देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कल नारायणी प्रक्षेपण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों को उपग्रह निर्माण और रॉकेट्री के क्षेत्र में तकनीकी

चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगी, जिससे देश में अगली पीढ़ी के वैज्ञानिक कार्यबल का विकास हो सके।

**********

लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व 'छठ' कल नहाय–खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व के दूसरे दिन आज व्रती महिलायें खरना करेंगी। खरना प्रसाद ग्रहण करने के बाद छत्तीस घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा। कल अस्ताचलगामी और मंगलवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व की पूर्णता होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने व्रत रखने वाले सभी श्रद्धालुओं के भक्ति भाव को नमन किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठ पर्व को लेकर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। भोजपुरी मिश्रित शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा–

***सूर्योपासना और लोक आस्था के महापर्व छठ की आप सभी को हार्दिक बधाई। रौवा सब पर छठी मैया की कृपा बनल रहे। परिवार खातिर कठिन व्रत रखे वाली माता और बहन लोगन के हमारी तरफ से विशेष मंगल कामना। छठ महापर्व प्रकृति, श्रद्धा और अनुशासन का एक अनुपम संगम है। सूर्योपासना के माध्यम से यह हमें जीवन में प्रकाश, ऊर्जा और संतुलन का संदेश देता है। यह पर्व केवल पूजा नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक आत्मा का उत्सव है।***

**********

रेलवे ने छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। इस दौरान लगभग 6 हजार 181 विशेष रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। अगले दो दिन में नौ सौ से अधिक रेलगाडियां चलाई जाएंगी। यात्रियों ने रेलवे की व्यवस्था की सराहना की है। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश के 30 प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं और मौसम–रोधी होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। वाराणसी में उत्तर रेलवे के अपर मंडल रेल प्रबंधक बृजेश यादव ने बताया कि होल्डिंग एरिया में यात्रियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध है।

***अभी हमने स्टेशन पर अतिरिक्त आरपीएफ का और कमर्शियल के स्टाफ का डिप्लॉयमेंट किया है ताकि पैसेंजर्स को सुविधाजनक तरीके से उनको ट्रेन बोर्ड कराया जा सके। प्लेटफार्मों पर कभी कभार भीड़ ज्यादा हो जाती है तो प्लेटफार्म की भीड़ को डायवर्ट करने के लिए हमने यहां पर एक होल्डिंग एरिया का प्रावधान कर रखा है। इसमें अगर कभी भीड़ ज्यादा होती है, होल्डिंग एरिया में आराम कर सकते हैं।***

**********

कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाये जाने वाले देव दीपावली पर वाराणसी में गंगा नदी के किनारे 25 लाख दीपक जलाए जाएंगे। इसमें 10 लाख दीपक राज्य सरकार की ओर से, जबकि बाकी दीपक घाटों की स्थानीय समितियों द्वारा जलाए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा तीन से पांच नवम्बर तक काशी के चेतसिंह घाट और गंगा द्वार पर अत्याधुनिक प्रोजेक्शन मैपिंग एवं लेजर शो का भव्य आयोजन किया जाएगा। गंगापार क्षेत्र में 10 मिनट तक ग्रीन फायर क्रैकर्स शो का आयोजन किया जाएगा। देव दीपावली को लेकर गंगा घाटों की साफ–सफाई व सौंदर्यीकरण का काम तेजी से चल रहा है।

**********

वस्तु और सेवा कर– जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर को इसकी घोषणा की थी। जीएसटी सुधारों को लेकर वाराणसी में लोगों ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। बीमा सलाहकार राकेश सिंह ने बताया कि जीएसटी में कमी के बाद बीमा क्षेत्र में उछाल आया है।

***धनतेरस में जीएसटी का लोगों ने काफी हद तक जो है फायदा उठाया जिसमें विशेष तौर से अगर आप बीमा सेक्टर को देखें फ्रेंड्स कंपनियों में एक बूम आया चाहे वह जीवन बीमा हो चाहे स्वास्थ्य बीमा हो तो एक तरीके से कहा जा सकता है कि जीएसटी घटने से एक मार्केट में जो रफ्तार थी वह रफ्तार दिखी है जो है।***

**********

प्रदेश में मौसम का मिजाज अब बदलने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में सक्रिय डबल डिप्रेशन सिस्टम तथा आज से पहाड़ों पर पहुंचने वाले पश्चिमी विक्षोभ के संयुक्त प्रभाव से मौसम का रूख तेजी से बदल सकता है। विभाग का अनुमान है कि इस प्रभाव के कारण अट्ठाइस से तीस अक्टूबर के बीच राज्य के पूर्वी और तराई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने और ठंडी हवाएं चलने की संभावना है। इससे सर्दी के आगमन की रफ्तार तेज हो सकती है।

**********